दिनांक 03.05.2019

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देश पर उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के आधार पर फानी तूफान का प्रभाव छ 0ग0 में भी आ सकता है और आगामी 03 दिनों तक मौसम खराब होने की संभावना जताई गई है। 3, 4 एवं 5 मई के मध्य कभी भी हवा आंधी का कहर हो सकता है। तूफान से होने वाले संभावित आपदा को ध्यान में रखकर सभी जोन आयुक्तों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने जोन क्षेत्र में इस आपदा के निराकरण हेतु कंट्रोल रुम स्थापित करें एवं कार्यपालन अभियंता वाहन शाखा को सभी जेसीबी व बड़ी गाड़ियों को एलर्ट रखने तथा वाहन चालको की ड्यूटी वाहन शाखा स्तर पर पूरे जोन में तैनात करने को कहा गया है स्वास्थ्य अधिकारी को अपने सभी मैदानी अमले को तैनात रखने , साफ-सफाई, टार्च, रस्सा, पेड़ काटने की आरी सभी तैयार रखने के निर्देश दिये है। निगम मुख्य कार्यालय के कमरा नं. 26 में कंट्रोल रुम की स्थापना किया गया है जिसका दुरभाष क्रमांक 07882294335 है। जहां सहायक राजस्व अधिकारी मूर्ति शर्मा को नोडल अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक जय कुमार जैन को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी के साथ तीनों पाली में 9 अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

आयुक्त ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि खराब मौसम के दौरान आवश्यक न हो तो घर से बाहर न निकलें किसी भी आपदा की स्थिति में मुख्य कार्यालय एवं जोन में बनाये गये कंट्रोल रुम में सूचित करंे।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''